
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 06.12.2021 से 11.12.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ऑनलाइन प्रोजेक्टस की समीक्षा

(दिनांक 06.12.21)

**विषय: ऑनलाइन प्रोजेक्टस की समीक्षा ।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज विभिन्न विभागों में चल रहे ऑनलाइन प्रोजेक्ट की समीक्षा की और इसमें आ रही कमियों को दूर कर रुके हुए प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया इसमें ग्राम दर्शन, परिवार पहचान पत्र का सर्वे, मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना आदि ऑनलाइन चलने वाली योजनाएं शामिल थी।


## गाँवों को लाल डोरा मुक्त करने के कार्य की समीक्षा

(दिनांक 06.12.21)

**विषय: गाँवों को लाल डोरा मुक्त करने के कार्य की समीक्षा।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वामित योजना के तहत गांवों को लाल डोरा मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्य की समीक्षा की और इसे तेजी से पूरा करके प्रदेश के गांवों को लालडोरा मुक्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिए। इस योजना के तहत अभी तक 6042 गांवों में ड्रोन से मैपिंग का काम पूरा हो चुका है। साथ ही 11 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी कॉर्ड बना दिए गए है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लालडोरे को समाप्त करके संपत्ति के मालिक को उसका असल अधिकार दिलाया है। हरियाणा की इस योजना की तारीफ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी की है। उन्होंने इस योजना को पूरे देश में स्वामित्व योजना नाम से लागू करवाया है। इस योजना का बहुत बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्र में रहने



# साप्ताहिक सूचना पत्र

वाले लोगों को मिल रहा है। भविष्य में ग्रामीण अपनी प्रॉपर्टी पर ऋण लेकर कोई भी व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अभी तक 6309 गांवों में 11 लाख 65 हजार 593 प्रॉपर्टी कॉर्ड बनाए जा चुके हैं। रोहतक, करनाल, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ में 1 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी कॉर्ड बनाए गए हैं। जहां–जहां काम पूरा हो चुका है, वहां प्रॉपर्टी कॉर्ड दिए जाने के कार्य में भी तेजी लाने के दिशा निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मसावी व शजरा के रिकॉर्ड को भी डिजिटाइज किया जाएगा। इससे भविष्य में जमीनों के नक्शे तैयार करने में आसानी आएगी। कपड़े पर अंकित शजरा के रिकॉर्ड को स्कैन करने का काम कुछ जिलों में पूरा हो चुका है, बाकी जिलों में इस कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा।


## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

(दिनांक 07.12.21)



**विषय: सशस्त्र सेना झण्डा दिवस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सेनिको को नमन किया साथ ही प्रदेशवासियों से सशस्त्र सेना झण्डा कोश में अंशदान करने की अपील भी की। झण्डा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने स्वेच्छा से अंशदान करते हुए कहा कि झण्डा दिवस पर एकत्रित राशि का उपयोग शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए होता है इसलिए प्रदेशवासियों से अपील है कि वे स्वेच्छा से झण्डा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक बोर्डों द्वारा रखे गये दान पात्र में अपना अंशदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि देश के जवान विषम परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं पर डटकर खडे हैं और निरंतर साहस, शौर्य व बुलंदियां दिखा रहे हैं। हमारे जवानों के बदौलत ही निष्चित रूप से देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और हमारी स्वतंत्रता व संप्रभुता बरकरार है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिकों के ई–श्रम पोर्टल पंजीकरण का शुभारंभ


(दिनांक 07.12.21)




**विषय:** **भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिकों के ई–श्रम पोर्टल पंजीकरण का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में रेलवे माल गोदाम के श्रमिकों के पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस पोर्टल के शुरू होने से श्रमिकों को काफी लाभ होगा और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने में भी मदद मिलेगी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की तरक्की श्रमिकों पर निर्भर। प्रदेश में किसानों के साथ–साथ श्रमिकों की आय को भी दोगुनी करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए हरियाणा में असंगठित मजदूरों का पंजीकरण जारी है, आज से हरियाणा में कार्यरत भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिकों का पंजीकरण भी होगा। इसके बाद इन्हें भी केंद्र व राज्य सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रमिक समाज का असली निर्माता है। इस संसार की उत्पत्ति में श्रमिक का पसीना लगा हुआ है। 19वीं शताब्दी में जब औद्योगिक क्रांति आई तो उद्योगों के विकास में रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। देश की तरक्की उद्योगों से, उद्योगों की तरक्की रेलवे और रेलवे की तरक्की श्रमिकों से हुई। देश की तरक्की श्रमिकों पर निर्भर है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पॉवर परचेस कमिटी की बैठक

(दिनांक 07.12.21)

**विषय: हाई पॉवर परचेस कमिटी की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में HPPC की बैठक हुई जिसमें हरियाणा में होने जा रहे खेलों इंडिया गेम्स से संबंधित विभिन्न टेंडरों और खरीदियों को मंजूरी प्रदान की गई। जिसमें खेलों इंडिया के आयोजन समारोह, खिलाड़ियों के रहने, रुकने खाने और आने जाने की व्यवस्था भी शामिल है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि खेलों इंडिया की तैयारियों में कोई कमी नही रहने दी जायेगी और खिलाड़ियों के लिए हर संभव सुविधा प्रदान की जायेगी।

## MLA’s से मुलाकात

(दिनांक 07.12.21)

**विषय: MLA’s से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न हलकों के विधायकों के साथ मुलाकात कर हल्के की समस्याओं के बारे में जाना और उनका समाधान किया।


## BJP जिला अध्यक्षों से मुलाकात

(दिनांक 07.12.21)

**विषय: BJP जिला अध्यक्षों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने BJP के सभी जिला अध्यक्षों से चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी जिला अध्यक्षों से जिले से संबंधित समस्याओं और चल रहे कार्यो की जानकारियां ली साथ ही सरकार की और से चलाई जा रही योजनाओं को जनता तक सुचारू रूप से पहुँचाने और जनता संवाद कर योजनाओं से मिले लाभ को भी जानने के लिए कहा।


साथ ही इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी ब्लॉक स्तर पर लगाए जा रहे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजन के मेलों ने जाने और ज्यादा से ज्यादा लोगो को योजना का लाभ दिलवाने के लिए भी कहा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जनता दरबार


(दिनांक 09.12.21)



**विषय: जनता दरबार।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर जनता दरबार लगाया जिसमे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और मुख्यमंत्री कार्यालय की पूरी टीम भी मौजूद रही जिससे लोगो की समस्याओं का तत्काल निवारण किया जा सका।

जनता दरबार में प्रदेशभर के 21 प्रतिनिधिमंडलों के करीब 250 लोगों से माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुलाकात की। जिसमे कई मुद्दे शामिल थे जिसपर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सोनीपत–पलवल ओरबिटल रेलवे कोरिडोर पर झज्जर जिले के आसौदा गांव में टू–टियर रेलवे स्टेशन बनाए जाने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। इसके बनने से भिवानी–रोहतक से मानेसर–पलवल की ओर जाने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को लाभ होगा। साथ ही बेलर मशीन संचालक एवं समस्त हरियाणा फसल अवशेष प्रबंधन कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को आश्वसत किया कि पराली का उचित प्रबंधन के उद्देश्य से अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी ऐसी व्यवस्था बनाने की दिशा में काम करेगी ताकि किसान खेत में पराली न जलाकर उसे कटवाने (बेलिंग) के लिए आगे आएंगे। इसके अलावा अम्बेडकर स्टूडेंट एसोसिएशन की समस्या का समाधान करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वसत किया कि हरियाणा के अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृति जल्द जारी कर दी जाएगी। मोरनी क्षेत्र से आए प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मोरनी क्षेत्र को



# साप्ताहिक सूचना पत्र

पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने टिकर हिल से मीरपुर की ओर जाने वाली सड़क की 3.5 किलोमीटर की प्रषासनिक अप्रूवल को बढ़ाकर 6.5 किलोमीटर तक बढ़ाने की मांग को तुरंत पूरा करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। यह सड़क बनने के बाद टिकर हिल से रायपुरानी तक की कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी और यहां के निवासियों का आने जाने में लगने वाला समय भी बचेगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि आढ़तियों के लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया जायेगा।

साथ ही साथ मुख्यमंत्री जी ने रिकॉर्ड होल्डर दो बालिकाओं को आशीर्वाद भी दिया। यह बालिकाएँ जनता साहिबा और वैशणवी जनता दरबार के दौरान ही माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलने आई थी। मुख्यमंत्री जी ने दोनों से स्नेहपूर्वक मुलाकात की। दोनों बालिकाओं ने अपनी खेल विधा को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने उनके कौशल की सराहना करते हुए दोनों को आशीर्वाद और उज्जवल भविश्य के लिए शुभकामनाएं दी।


## जीएमडीए की 9वीं बैठक

(दिनांक 10.12.21)




**विषय: जीएमडीए की 9वीं बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम पहुँचकर GMDA की 9 वी बैठक की अध्यक्षता की जिसमें मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति प्रणाली का शुभारंभ किया जिसके प्रथम चरण में सात रिहायशी क्षेत्रों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति सुनिष्चित की जा सकेगी। इसके साथ ही गुरुग्राम के विकास को गति देने के लिए करोड़ों रुपये की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक शुरू करने से पूर्व हेलीकॉप्टर दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जरनल विपिन रावत तथा अन्य सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से गुरुग्राम में 24 घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, रिसाईकिल्ड व ट्रीटेड वेस्ट वॉटर के प्रयोग को बढ़ावा देने, एसपीआर को अपग्रेड करने, फरूखनगर में 12 एकड़ भूमि पर नया खेल स्टेडियम बनाने, ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नई खेल सुविधाएं जोड़ने जैसे मुख्य विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, सेक्टर–58 से 115 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार, इन सेक्टरों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिष्चित करने के लिए चंदू बुढेड़ा में 100 एमएलडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने, गुरुग्राम वॉटर सप्लाई चौनल को आरसीसी बॉक्स चौनल के रूप मे विकसित करने तथा सिटी बस के बेड़े में 100 मिनी बसें जोड़ने आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

इसके अलावा बैठक में मैट्रो रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम में मैट्रो का 28 किलोमीटर नेटवर्क विस्तार का प्रस्ताव तैयार करके भारत सरकार को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भेज दिया गया है। इस मामले में केंद्र सरकार ने अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा, गुरुग्राम के रेजांगला चौक से द्वारका तक मैट्रो का स्पर बनाने का प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजा जा चुका है।

## गुरुग्राम के नए नगर निगम कार्यालय भवन और बंधवाड़ी के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया शिलान्यास


(दिनांक 10.12.21)



**विषय: गुरुग्राम के नए नगर निगम कार्यालय भवन और बंधवाड़ी के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया शिलान्यास।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम पहुंचकर गुरुग्राम के नए नगर निगन कार्यालय का शिलान्यास किया और साथ ही कचरे से बिजली बनाने वाले सयंत्र का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जीवन को आसान बनाने मे जिन चीजों की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

आवश्यकता होती है उनमें स्वच्छता प्रमुख है और इसी उद्देश्य के तहत आज प्रदेश सरकार ने 'कचरे से कंचन' बनाने की प्रक्रिया पर कार्य शुरू कर दिया है। ईको ग्रीन द्वारा स्थापित किया जाने वाले इस वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निर्माण कार्य 2 साल में पूरा किए जाने की योजना है। इस 15 मेगावाट क्षमता के प्लांट से रोजाना 6 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। धीरे–धीरे जैसे–जैसे आबादी बढ़ेगी प्लांट की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। प्रदेश के सोनीपत में 10 मेगावाट क्षमता से कचरे से बिजली का उत्पादन का कार्य पहले से ही किया जा रहा है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि ईकोग्रीन द्वारा प्लांट की क्षमता को 15 मेगावाट से बढ़ाकर 25 मेगावाट क्षमता बढ़ाने के लिए आवेदन किया गया है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। प्लांट की क्षमता बढ़ने से और अधिक कूड़े का निष्पादन किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत आमजन का आह्वान करते हुए स्वच्छता को आभूषण बताया है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग में रहन–सहन के तरीके को अच्छा बनाने में जिन चीजो का महत्वपूर्ण योगदान है उनमें स्वच्छता भी शामिल है । स्वच्छता सामूहिक रूप से समाज की जिम्मेवारी है।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम कार्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित होगा, जिसके निर्माण में 117 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह भवन 2 एकड़ भूमि में तैयार किया जाएगा, जिसमें व्यापार भवन भी बनाया जाएगा। नगर निगम के 11 मंजिला भवन में 600 लोगों के बैठने की क्षमता का सभागार भी बनाए जाने की योजना है।


## अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव


(दिनांक 11.12.21)

**विषय: अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला जी के साथ कुरुक्षेत्र पहुँचकर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र  से विद्यालयों में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण करवाया जायेगा। साथ ही गीता से जुड़ी पुस्तकें लिखवाकर 5वीं व छठी कक्षा में पढ़ाई जाएंगी।





# साप्ताहिक सूचना पत्र




इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने जीयो गीता सभागार का लोकार्पण किया। इसके बाद गीता ज्ञान संस्थानम और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित छठी अंतरराष्ट्रीय विचार गोश्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले गीता जयंती एक सामान्य उत्सव की तरह चल रहा था लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से गीता जयंती उत्सव को बड़ा स्वरूप देने का निर्णय लिया। आज देश ही नहीं विदेशों में भी गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। विश्व में बहुत से ग्रंथ ऐसे हैं, जिनमें अलग–अलग विचार दिए गए हैं लेकिन गीता के मुकाबले कोई ग्रंथ नहीं जो जीवन को एक दिशा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को गीता का सार अपने जीवन में उतारना चाहिए। गीता का संदेश अर्जुन के लिए नहीं बल्कि हम सबके लिए दिया गया था। यह संदेश यदि पूरा का पूरा जीवन में उतर जाए तो अच्छी बात है लेकिन एक श्लोक भी हम जीवन में उतार लें तो जीवन सफल हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता हमें संदेश देती है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। फल की इच्छा रहेगी तो जीवन में अंसतोष आएगा, निराशा आएगी, इसलिए गीता के संदेश को जीवन में अनुसरण करना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का स्वरूप बढ़ाने के लिए अगले वर्ष से गीता जयंती समिति बनाकर आयोजन करना चाहिए। इस समिति में समाज से जुड़ी संस्थाओं व अन्य संगठनों को जोड़ना चाहिए। इससे अलग–अलग संस्थाओं से जुड़े अनुयायी भी इस कार्यक्रम में भागीदार बनेंगे और महोत्सव का स्वरूप बड़ा होगा।

इसके साथ ही कहा कि कुरुक्षेत्र के 48 कोस से जुड़े तीर्थों को धार्मिक पर्यटन के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इन्हें जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग की मदद से बसों को लगाया जाएगा। देश और विदेश से लोग यहां इतिहास को जानने के लिए आएंगे, इससे कुरुक्षेत्र का महत्व बढ़ेगा।

इसके अलावा गीतास्थली ज्योतिसर में 2 एकड़ भूमि पर 205 करोड़ रुपये की लागत से महाभारत थीम पर म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है।। इस भवन में मल्टीमीडिया प्रणाली से श्रीमद्भगवद्गीता, सरस्वती नदी और वैदिक सभ्यता को दर्शाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास में प्रदेश सरकार के साथ–साथ केंद्र सरकार भी सहयोग कर रही



# साप्ताहिक सूचना पत्र

है। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के विकास के लिए कुरुक्षेत्र को कृष्णा सर्किट में शामिल किया गया है। कुरुक्षेत्र के तीर्थों का विकास करने के लिए सरकार की तरफ से करीब 98 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रामलीला की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में अगले वर्श से कृष्ण उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में 5 से 6 दिन तक भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अलग–अलग प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसमें लाइट व साउंड शो का प्रदर्शन किया जाएगा। और गीता जयंती महोत्सव के लिए बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## जिला उपायुक्तों के साथ बैठक

(दिनांक 12.12.21)



**विषय: जिला उपायुक्तों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में सभी जिला उपायुक्तों के साथ विभिन्न योजनाओं के किर्यान्वय को लेकर समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी उपायुक्त या सुनिष्चित करे कि पीएनडीटी एक्ट सख्ती से लागू हो और हरियाण ाा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों का भी उपायुक्त स्वयं जायजा ले। इसके अलावा उपायुक्तों को लोगो को समर्पण पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने का भी आदेश दिया।